धन्नाराम बनाम बनवारी वगैरह
मुकदमा नम्बर 055/2023

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर नावां

पीठासीन अधिकारी : श्री विश्वामित्र मीना, आर.ए.एस.

**प्रार्थीगणः–**

1. धन्नाराम पुत्र बलाराम
2. नारायण पुत्र बलाराम
3. मगनी पत्नि बलाराम
4. सोहनराम पुत्र बलाराम
5. रूगाराम पुत्र बलाराम
6. रूगाराम दत्तक पुत्र अमराराम
   जाति मेघवाल निवासीयान भांवता तहसील नावां।

**बनाम**

**अप्रार्थीगणः–**

1. बनवारी पुत्र जेठमल
2. संजयकुमार पुत्र जेठमल
3. गोपाललाल पुत्र जेठमल
   जाति ब्राह्मण निवासीयान ग्राम भांवता तहसील नावां।
4. पतासी पत्नि त्रिलोकाराम जाति जाट
5. मोहनलाल पुत्र भूराराम जाति जाट
6. सोहनलाल पुत्र सत्यनारायण जाति ब्राह्मण
7. सुर्यकान्त पुत्र दुलाराम जाति रेगर
8. गजेन्द्रकान्त पुत्र दुलाराम जाति रेगर
9. भावना पत्नि दुलाराम जाति रेगर
10. बालूराम पुत्र बुधाराम जाति रेगर
    निवासीयान ग्राम भांवता तहसील नावां।
11. शाखा प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा कुचामन सिटी।
12. शाखा प्रबंधक, यूको बैंक शाखा कुचामन सिटी।
13. शाखा प्रबंधक, एचडीएफसी बैंक शाखा कुचामन सिटी।
14. भूमिधारी जरिये तहसीलदार नावां तहसील नावां।

प्रार्थना पत्र बाबत :– खेत में आने जाने का रास्ता लेने
अन्तर्गत धारा 251ए उपधारा 2 आर.टी.एक्ट 1955

उपस्थित :– श्री सुरेन्द्र सेवर अधिवक्ता प्रार्थीगण

मुकदमा नम्बरः– 055/2023 — निर्णय दिनांक : 31.01.2024

## निर्णय

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि राजस्व ग्राम भांवता पटवार हल्का भांवता तहसील नावां के खसरा नम्बर 505 रकबा 4.17 हैक्टर भूमि स्थित है जिसका प्रार्थीगण खातेदार काश्तकार है। प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ग्राम भांवता के खसरा नम्बर 505 रकबा 4.17 हैक्टर भूमि में आने जाने हेतु अप्रार्थी संख्या 1 ता 8 की भूमि ग्राम भांवता

Signature Not Verified
Digitally signed by Vishwamitra Meena
Date: 2024.03.06 11:06:19 IST
Reason: SelfAttested



उपखण्ड अधिकारी
नावां (डीडवाना-कुचामन)

के खसरा नम्बर 1346/588 रकबा 1.27 हैक्टर भूमि की दक्षिण–पश्चिमी सींव से लगते हुए कटाणी रास्ते से शुरू होकर पश्चिमी सीव के सहारे से दक्षिण से उत्तर 120 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई व आगे उत्तरी सीव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 90 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौड़ाई में व खसरा नम्बर 1347/558 रकबा 0.81 हैक्टर भूमि की उत्तरी सींव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौड़ाई में एवं खसरा नम्बर 1345/558 रकबा 3.09 हैक्टर भूमि की उत्तरी सीव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 240 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौड़ाई में व खसरा नम्बर 556 रकबा 8.41 हैक्टर भूमि की उत्तरी सीव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई में तथा खसरा नम्बर 506 रकबा 4.58 हैक्टर भूमि की दक्षिणी सीव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 120 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई का व आगे दक्षिण से उत्तर की ओर 140 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौड़ाई में कुल 3950 वर्गमीटर अर्थात 0.3950 हैक्टर भूमि का रास्ता चाहा गया है। चाहे गये रास्ता का अंकन प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से दर्शाया गया है। चाहे गये रास्ते के अलावा प्रार्थीगण के पास अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है। प्रार्थीगण को अपने खेत में पहुंचने हेतु अप्रार्थीगण की भूमि में से बताये गये उपरोक्त विवरण के रास्ते की पूर्ण आवश्यकता है। उक्त रास्ता ही प्रार्थीगण की भूमि में आने जाने का निकटम एंव सुविधाजनक रास्ता है। उक्त रास्ते के बिना प्रार्थीगण अपने खातेदारी के उपयोग व उपभोग करने में पूर्णतया वचिंत हो जायेंगे। प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि में आने जाने हेतु प्रार्थीगण की भूमि में से चाहे गये रास्ते को दिलवाने का निवेदन किया।

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को तलब किया गया एवं भू.अ. निरीक्षक मीठड़ी से मौका रिपोर्ट मंगवाई गई। अप्रार्थी संख्या 13 की ओर से अधिवक्ता श्री दातार सिंह ने यूटी दी। अप्रार्थी संख्या 1 ता 12, 13 के तामील शुदा नोटिस प्राप्त होने के बावजूद अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। अप्रार्थी संख्या 13 के अधिवक्ता को बार–बार आवाज दिलाई जाने के बावजूद अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। भू.अ. निरीक्षक ने मौका रिपोर्ट पेश कर निवेदन किया कि मौका रिपोर्ट में नजरी नक्शा अंकित अनुसार वादीगण ने खसरा नम्बर 1346/558 में से 210 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई, खसरा नम्बर 1347/558 में से 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई खसरा नम्बर 13452/558 में से 240 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई, खसरा नम्बर 556 में से 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई तथा खसरा नम्बर 506 में से 260 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई कुल 790 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई से 3950 वर्गमीटर भूमि का रास्ता चाहा है जिसे नजरी नक्शे में डोटेड लाईन से एबीसीडीईएफजीएच दर्शाया गया है। खसरा नम्बर 505 में आवागमन हेतु नजदीकी कटाणी रास्ता खसरा नम्बर 537 की उत्तरी पश्चिमी कोने से लगता है परन्तु उक्त गै.मु. रास्ता निजी खातेदारी का है। [illegible] में आवागमन हेतु प्रस्तावित रास्ता ही सबसे नजदीकी रास्ता हैं इसके अलावा अन्य को[illegible] कटा[illegible] रास्ता नही लगता है। नजरी नक्शे में दर्शाये एबीसीडीईएफजीएच प्रस्तावित रास्ते में आवागम[illegible] जारी है। प्रस्तावित रास्ते में कोई निर्माण स्ट्रेक्चर व पेड आदि स्थित नहीं है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vishwamitra Meena
Date: 2024.03.06 11:06:19 IST
Reason: SelfAttested



उपखण्ड अधिकारी
नावां (डीडवाना-कुचामन)

धन्नाराम बनाम बनवारी वगैरह
मुकदमा नम्बर 055/2023

अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। पत्रावली एवं पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। बहस पर मनन किया गया। मौका रिपोर्ट का अवलोकन किया गया।

उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि ग्राम भांवता के खसरा नम्बर 505 रकबा 4.17 हैक्टर भूमि में आने जाने हेतु अप्रार्थी संख्या 1 ता 8 की भूमि ग्राम भांवता के खसरा नम्बर 1346/588 रकबा 1.27 हैक्टर भूमि की दक्षिण–पश्चिमी सींव से लगते हुए कटाणी रास्ते से शुरू होकर पश्चिमी सीव के सहारे से दक्षिण से उत्तर 120 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई व आगे उत्तरी सीव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 90 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौड़ाई में व खसरा नम्बर 1347/558 रकबा 0.81 हैक्टर भूमि की उत्तरी सींव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौड़ाई में एवं खसरा नम्बर 1345/558 रकबा 3.09 हैक्टर भूमि की उत्तरी सीव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 240 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौड़ाई में व खसरा नम्बर 556 रकबा 8.41 हैक्टर भूमि की उत्तरी सीव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई में तथा खसरा नम्बर 506 रकबा 4.58 हैक्टर भूमि की दक्षिणी सींव के सहारे सहारे पश्चिम से पूर्व की ओर 120 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई का व आगे दक्षिण से उत्तर की ओर 140 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौड़ाई में कुल 3950 वर्गमीटर अर्थात 0.3950 हैक्टर भूमि का रास्ता चाहा है। भू.अ. निरीक्षक मीठड़ी की रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थीगण द्वारा चाहा गया रास्ता ही सबसे निकटतम रास्ता है तथा चाहे गये रास्ते के अलावा अन्य कोई निकटतम वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध नहीं है तथा प्रस्तावित रास्ता खसरा नम्बर 1346/558 में से 210 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई, खसरा नम्बर 1347/558 में से 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई खसरा नम्बर 13452/558 में से 240 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई, खसरा नम्बर 556 में से 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई तथा खसरा नम्बर 506 में से 260 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई कुल 790 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई से 3950 वर्गमीटर है। इस प्रकार प्रार्थीगण द्वारा चाहा गया रास्ता ही सबसे नजदीकी रास्ता है और प्रार्थीगण के खेत में आने जाने हेतु अन्य कोई वैकल्पिक रास्ता उपलब्ध नहीं है। इसलिए प्रार्थीगण द्वारा चाहा गया रास्ता दिया जाना उचित प्रतीत होता है।

## आदेश

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व मौजा ग्राम भांवता के खसरा नम्बर 505 रकबा 4.17 हैक्टर भूमि में आवागमन करने हेतु मौका रिपोर्ट के नजरी नक्शे में अंकित अनुसार ग्राम भांवता के खसरा नम्बर 1346/558 में से 210 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई, खसरा नम्बर 1347/558 में से 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई खसरा नम्बर 13452/558 में से 240 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई, खसरा नम्बर 556 में से 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई तथा खसरा नम्बर 506 में से 260 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई कुल 790 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई कुल 3950 वर्गमीटर अर्थात 0.3950 हैक्टर भूमि का राजकीय कटाणी रास्ता घोषित किया जाता है। तहसीलदार नावां को आदेशित किया जाता हैं कि उक्त रास्ते के

Signature Not Verified
Digitally signed by Vishwamitra Meena
Date: 2024.03.06 11:06:19 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नावां (डीडवाना-कुचामन)

एवज में प्रार्थी से उक्त भूमि की नियमानुसार नवीनतम प्रचलित डीएलसी दर की दोगुनी राशि राजकोष में जमा लेकर तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड में गै.मु. रास्ता अमलदरामद व नक्शे में तरमीम करें तथा उक्त राशि को अप्रार्थी संख्या 1 ता 10 को उनके हक हिस्से अनुसार अदा करें। मौका रिपोर्ट निर्णय का अभिन्न अंग रहेगी। संबंधित खातेदारों का संबंधित बैंक में रहन यथावत रहेगा तहसीलदार नावां को तहरीर जारी हो।

यह आदेश आज दिनांक 31.01.2024 को लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(विश्वामित्र मीना)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर,
नावां (डीडवाना-कुचामन)

उपखण्ड अधिकारी
नावां (डीडवाना-कुचामन)

Signature Not Verified


Digitally signed by Vishwamitra Meena
Date: 2024.03.06 11:06:19 IST
Reason: SelfAttested

# मौका रिपोर्ट

मै सुमेर सिंह भू.अ. निरीक्षक वृत नीमडी तहसील नावां श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय नावां के आदेश क्रमांक/रीडर/2023/58 दिनांक 23.5.23 की अनुपालना मे भूमि की मौका रिपोर्ट तैयार करने हेतु आज दिनांक 12.7.23 को समय 11 बजे आराजी खसरा नं० 505, 1346/558, 1345/558 1347/558, 556, 506, वाके ग्राम भांवता पटवार मण्डल भावता पर श्री जसकंवर पटवारी भावता के साथ मौके पर पहुंचा।

वादीगणो ने अपने खातेदारी खेत ग्राम भांवता के ख०न० 505 रकबा 4.17 हैक्टयर भूमि मे रास्ता नही लगने के कारण आने जाने मे परेशानी होने की वजह से ग्राम भांवता के ख०न० 1345/558, 1346/558 1347/558, 556, 506 मे से रास्ते की मांग की है।

माननीय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नावां के वाद सं. 55/2023 बअनुवान घनाराम बनाम बनवारी वगैरह अन्तर्गत धारा 251 A RT Act का विचाराधीन होने से ग्राम भांवता के ख०न० 505, 1346/558, 1347/558 1345/558, 556, 506 के मौके पर पहुंचकर रूबरू पक्षकारान् व मौतबरान् भूमि का मौका मुआयना किया गया। भूमि का नजरी नक्शा निम्न प्रकार है।




Signature Not Verified

Digitally signed by Vishwamitra Meena
Date: 2024.03.06 11:06:19 IST
Reason: SelfAttested

उपरोक्त नजरी नक्शा अनुसार वादीगणो ने खसरा 1346/558 मे से 210 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई खसरा नं० 1347/558 मे से 40 मीटर लम्बाई -

P.T.O

व 5 मीटर चौडाई ख०नं० 1345/558 मेसे 250 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई ख०नं० 556 मेसे 40 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई तथा ख०नं० 506 मेसे 260 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई कुल 790 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौडाई से 3950 वर्ग मीटर भूमि का रास्ता चाहा है जिसे नजरी नक्शे मे डोटेड लाईन से A B C D E F G H दर्शाया गया है।

खसरा नम्बर 505 मे आवागमन हेतु नजदीकी कच्ची रास्ता खसरा नम्बर 537 की उत्तरी पश्चिमी कोने से लगता है। परन्तु उक्त मौजु रास्ता निजी खातेदारी का है अतः ख०नं० 505 मे आवागमन हेतु प्रस्तावित रास्ता ही सबसे नजदीकी रास्ता है। इसके अलावा अन्य कोई कच्ची रास्ता नही लगता है। नजरी नक्शे मे दर्शाये A B C D E F G H प्रस्तावित रास्ते मे आवागमन जारी है। प्रस्तावित रास्ते मे कोई निर्माण स्ट्रेक्चर व पेड आदि स्थित नही है।

उपस्थित पक्षकारो व मौके बयान के समक्ष मौका रिपोर्ट तैयार कर पढकर सुनाई गई उपस्थित के हस्ताक्षर करवाये गये शेष पक्षकार मौके पर उपस्थित नही हुए।

सुमेर [signature]
अपर मोहदी

R.T.I. मगनी पत्नी बलाराम वादीनं. 3

L.T.I. रूगाराम वादीसं. 5

L.T.I. सोहनराम वादी 4

मदनलाल
(मदनलाल पुत्र मोहनलाल जाट मौलवर)

L.T.I. मोहनलाल प्रतिवादीसं. 5

[signature]
जसवंत कुमार
पटवारी जोवल

[signature]
(गजेन्द्रकान्त पुत्र ... प्रतिवादीसं. 8)

प्रभुराम
(... बलाराम ...)

विमल कुमार
(विमलकुमार पुत्र मदनलाल जाति मेघवाल मौलवा)

R.T.I. भावना पत्नी दुलाराम प्रतिवादीसं. 9

Signature Not Verified
Digitally signed by Vishwamitra Meena
Date: 2024.03.06 11:06:19 IST
Reason: SelfAttested